नोएडा-ग्रेनो मेट्रो लाइन पर 26 हजार के आसपास चल रही है राइडरशिप, सुविधाओं का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

दो पिंक मेट्रो स्टेशन पर रविवार से महिलाओं को विशेष सुविधाएं

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा-ग्रेनो मेट्रो लाइन के सेक्टर-76 व परी चौक को पिंक स्टेशन बनाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार से इन स्टेशनों पर महिलाओं को कई विशेष सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। इन सुविधाओं का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

8 मार्च को पिंक मेट्रो स्टेशन का शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी करेंगी। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की वरिष्ठ प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताया कि इन स्टेशनों की थीम पिंक कलाकृति पर आधारित होगी। अधिकरियों ने बताया कि इन स्टेशनों पर महिलाओं से जुड़ी कई सुविधाएं दी जाएंगी। इनमें स्तनपान कराने से लेकर, डायपर चेंज करने, फीडिंग रूम और मैकअप करने के लिए स्टेशनों पर ही कमरों की सुविधा दी जाएगी। इनमें शीशे लगे होंगे। स्तनपान वाले कमरे में बैठने के लिए कुर्सियां होंगी। सामान रखने के लिए जगह होगी। अधिकारियों ने बताया कि डायपर आदि फेंकने के लिए कमरों में डस्टबिन भी रखे जाएंगे।

बता दें कि 15 जुलाई 2019 को प्राधिकरण की सीईओ के साथ-साथ नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक की भी जिम्मेदारी मिली थी।

नोएडा-ग्रेनो मेट्रो लाइन के सेक्टर-76 पर पिंक स्टेशन । • सलमान अली

सुरक्षा को छोड़कर बाकी सब महिला कर्मचारी

इन स्टेशनों पर सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को छोड़कर बाकी पूरा स्टॉफ महिलाओं का होगा। इनमें सभी टोकन काउंटर पर महिला कर्मचारी रहेंगी। इसके अलावा कस्टमर सेंटर में भी महिलाएं बैठा करेंगी। सुरक्षा को देखते हुए पिंक स्टेशनों पर पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है।

सबसे ज्यादा 39451 राइडरशिप

इस लाइन पर अब तक की सबसे ज्यादा राइडरशिप 19 सितंबर 2019 को रही। इस दिन इस लाइन की 39451 राइडरशिप रही।

पिंक स्टेशनों पर सेल्फी प्वाइंट

बनाए गए पिंक स्टेशनों पर एक-एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। सेल्फी प्वाइंट के पीछे को पिंक से संबंधित आर्ट वर्क से सजाया गया है।

सेनेटरी नेपकिंग वेंडिंग मशीन लगीं

मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन के सभी स्टेशनों पर महिलाओं के लिए सेनेटरी नेपकिंग वेंडिंग मशीन लगा दी गई है। इसकी शुरुआत भी रविवार से हो जाएगी। इस लाइन पर 21 स्टेशन हैं। ऐसे में स्टेशन से आने वाली जाने वाली महिलाओं को इसका काफी फायदा मिलेगा।